मैं दीवाना हो गया | By B.Ramit

सालासर के बालाजी तेरे चरणों में खो गया
जबसे हुआ है दर्शन तेरा मैं दीवाना हो गया
सालासर के बालाजी...........

सालसर में जब भी आया
सब कुछ बाबा यहीं से पाया
जबसे हुई है कृपा मुझपे
राम नाम का झंडा लहराया
जब भी मैंने तुझे पुकारा तेरा दर्शन हो गया
जबसे हुआ है दर्शन तेरा मैं दीवाना हो गया
सालासर के बालाजी...........

सालासर और मेहंदीपुर में
धाम बने हैं बड़े ही भारी
जब जब तेरा मेला लगता
आती बाबा दुनिया सारी
मैं भी आया दर पे तेरे भक्ति में मैं खो गया
जबसे हुआ है दर्शन तेरा मैं दीवाना हो गया
सालासर के बालाजी...........

राम नाम का खेल निराला
जिसको जपते बजरंग बाला
इस दुनिया में कोई ना बाबा
तेरे जैसा देव निराला
तेरी कृपा पा कर बाबा हिम्मत मतवाला हो गया
जबसे हुआ है दर्शन तेरा मैं दीवाना हो गया
सालासर के बालाजी...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-b-ramit/